संक्षिप्त

रामेश्वर डूडी आज बीकानेर में

बीकानेर, (निसं)। राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी रेलमार्ग द्वारा दिल्ली से रवाना होकर गुरुवार सुबह 7.25 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। डूडी 9 से 15 फरवरी तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

सारण को पीएचडी की उपाधि

बीकानेर, (निसं)। शोधार्थी राधा किशन सारण पुत्र केदार राम सारण को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से पर्यावरण विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। राधा किशन सारण ने 'बीकानेर शहर की व्यापक वायु में मुख्य वायु प्रदूषको का क्वाण्टम-जी.आई.एस. अनुप्रयोगो के साथ सिमुलेशन मॉडल द्वारा अध्ययन' विषय पर पर्यावरण विज्ञान विभाग, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के सहआचार्य डॉ. प्रभू दान चारण के निर्देशन में अपना शोध कार्य संपन्न किया। राधा किशन सारण महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रथम शोध प्रतिनिधि रहे है और वर्तमान मे सूक्ष्म विज्ञान विभाग, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में शोध सहायक के पद पर कार्यरत हैं।

वन्दना चौधरी को पी.एच.डी.उपाधि

बीकानेर, (निसं)। । डूंगर कॉलेज के इतिहास विभाग की शोधार्थी वन्दना चैधरी को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय ने पीएच.डी.की उपाधि प्रदान की है। वंदना ने अपना शोध कार्य 'जाम्भाणी साहित्य में अन्तर्निहित ऐतिहासिक आयाम: एक अध्ययन' विषय पर डूंगर कॉलेज के इतिहास विभाग की सहआचार्य डॉ.अनिला पुरोहित के निर्देशन में पूर्ण किया। वन्दना की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.जी.पी.सिंह एवं संकाय सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

नगर निगम की बैठक 13 को

बीकानेर, (निसं)। नगर निगम की साधारण सभा की बैठक 13 फरवरी को आयोजित होगी। नगर निगम आयुक्त अरुण प्रकाश शर्मा ने बताया कि वेटरनरी विश्वविद्यालय में दोपहर 12:15 बजे से बैठक होगी। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्तावित बजट अनुमान तथा अन्य संशोधित एवं पुनविनियोजन वित्तीय प्रस्तावों पर विचार विमर्श व पारित किये जाएंगे।

पवन का एशिया कप जूनियर में चयन

बीकानेर, (निसं)। एम एम ग्राउंड द्रोणाचार्य तीरंदाजी संस्था के दो खिलाड़ी विकर राउंड में रामपाल चौधरी कंपाउंड राउंड में पवन घाट का एशिया कप जूनियर में चयन हुआ हैं। इसमें प्रशिक्षण गणेश लाल व्यास ने उन्हे फोन कर बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान के सचिव राहुल व्यास, रामनिवास व पीटीआई अनिल चांगर ने समस्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर मैदान में खुशियां मनाई गई है। इन खिलाडियों ने बीकानेर द्रोणाचार्य तीरंदाजी संस्थान परिवार का मान सम्मान बढ़ाया हैं। टीम बीकानेर पहुंचने पर सभी खिलाडियों का एम एम तीरंदाजी खेल मैदान पर स्वागत किया जायेगा। सचिव राहुल व्यास ने सभी खिलाडियों को अधिक मेहनत कर आगे होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर बीकानेर के साथ-साथ राष्ट्रीय का नाम रोशन करने की बात कही।

पांच मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निलंबित

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी के निर्देशानुसार जिले में नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे मंशा अभियान के अंतर्गत विभिन्न मेडिकल स्टोर की जांच व निरीक्षण किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की कमियां व अनियमितता पाये जाने पर 5 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञापत्र निलम्बित किये गये है। सहायक निदेशक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि भारत मेडिकल स्टोर रिको श्रीगंगानगर का 13 फरवरी से 22 फरवरी 2023 तक के लिये अनुज्ञापत्र निलम्बन किया गया है। इसी प्रकार न्यूभारत मेडिकल स्टोर लालगढ़ जाटान सादुलशहर का 13 फरवरी से 19 फरवरी 2023 तक, धायल मेडिकल स्टोर रायसिंहनगर का 13 फरवरी से 19 फरवरी 2023 तक, शर्मा मेडिकल स्टोर का 13 फरवरी से 19 फरवरी 2023 तक, आशीष मेडिकोज श्रीगंगानगर का 13 फरवरी से 17 फरवरी 2023 तक के लिये अनुज्ञापत्र निलम्बित किये गये हैं।

शिक्षा मंत्री ने पीडब्लयूडी और जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

बीकानेर, (निसं)। शिक्षा मंत्री डॉ.बी. डी. कल्ला ने कहा कि सड़क और भवन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। सभी कार्य समय पर पूर्ण हों, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

डॉ.कल्ला ने बुधवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के सभागार में पीडब्लयूडी और जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने शहर में चल रहे प्रमुख कार्यों की समीक्षा की और कहा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा, एमएलए लैड, एलएसजी तथा डीएमएफटी मद के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। क्रियान्वयन में किसी प्रकार की परेशानी हो तो जिला कलक्टर अथवा अन्य उच्च अधिकारियों को अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित से अधिक समय तक कोई कार्य लंबित नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण से पूर्व पाइपलाइन डालने और यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। पाइपलाइन नॉर्म्स के अनुसार गहराई में नहीं हो और इस कारण यदि सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो जिम्मेदार अधिकारी और फर्म के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र की सीवरेज, पाइपलाइन, विद्युत पोल और सड़क से जुड़े मामलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए समन्वय समिति गठित की जाए। इसमें पीडब्लूयूडी, जलदाय विभाग, नगर निगम, नगर विकास न्यास, आरयूआईडीपी और विद्युत निगम के अधिकारियों को शामिल किया जाए।

डॉ. कल्ला ने कहा कि कोई भी समिति से अनुमति के बिना सड़क को क्षतिग्रस्त नहीं करे। ऐसा होता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि पीडब्लूयूडी के स्वामित्व की ऐसी जमीनें, जिनके पट्टे नहीं हैं, इनके पट्टे जारी करने की कार्यवाही जिला प्रशासन के सहयोग से की जाए। उन्होंने कहा कि पीबीएम अस्पताल के रखरखाव और मेंटिनेंस के लिए राशि स्वीकृत करवाई गई है। इस कार्य को शीघ्र प्रारम्भ करें। यहां की सीवरेज, शौचालय और छतों के मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि विधायक निधि के स्वीकृत कार्यों में श्रम कार्य के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिक नियोजित किए जाएं।

शिक्षा मंत्री ने डूडी पेट्रोल पम्प से करमीसर फांटे, सर्वोदय बस्ती, हैडपोस्ट ऑफिस से नत्थूसर गेट, मुरलीधर व्यास कॉलोनी, बंगला नगर, गंगाशहर और भीनासर सहित शहरी क्षेत्र की सड़कों से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्मीनाथ मंदिर में सौंदर्यकरण कार्य शीघ्र करवाने, एमएस कॉलेज, शार्दूल स्पोर्ट्स स्कूल भवन निर्माण की प्रगति जानी। सभी प्रमुख सड़कों पर नॉर्म्स के अनुरूप डिवाइडर बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नगर विकास न्यास और नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। डॉ. कल्ला ने कहा कि डाक बंगले के रखरखाव और सौंदर्यकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करवाए जाएं। यह प्रस्ताव सरकार को भिजवाए जाएंगे। उन्होंने शहरी क्षेत्र में स्थाई हैलीपेड बनाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पीडब्लूयूडी के माध्यम से अब तक 64 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 7.20 करोड़ रुपये के 49 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 13 कार्य अंतिम चरण में हैं। इसी प्रकार डीएमएफटी के तहत शहरी क्षेत्र में 7.5 करोड़ रुपये की 36 सड़कें बनाई गई हैं। वर्ष 2021-22 में बीकानेर पश्चिम में 5 करोड़ रुपये की लागत से 22 सड़कें बनाई गई। इस वर्ष 10 करोड़ की सड़कें बनाई जा रही हैं। इसी प्रकार एलएसजी के तहत गत वित्तीय वर्ष में शहर में 12 करोड़ रुपये की लागत से 25 सड़कें बनी। इस बार बीकानेर शहर में 15 करोड़ रुपये की लागत से एलएलसी मद से सड़कों से जुड़े 99 कार्य करवाए जा रहे हैं।

डॉ. कल्ला ने जलदाय विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने 614 करोड़ रुपये की वृहद पेयजल योजना की प्रगति जानी। शहर में बन रही 15 टंकियों का कार्य अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को पर्याप्त पानी मिले, इसके मद्देनजर आवश्यकता के अनुसार पाइपलाइनें बदली जाएं। प्रस्तावित नहरबंदी के दौरान पेयजल उपलब्धता को लेकर परेशानी नहीं हो, इसके मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। सभी जल भंडारण स्त्रोत भरवाए जाने सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आमजन को जल संरक्षण के लिए जागरुक किया जाए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील कालाणी, अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता दीपक बंसल, अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित सहित अधिशाषी, सहायक और कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

- निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर करने के दिए निर्देश
- वृहद पेयजल योजना की जानी प्रगति

कलेक्टर ने किया सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बुधवार को उदयरामसर ग्राम पंचायत में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाएं देखी और अध्यापकों की उपस्थिति जांची।

उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर शिक्षण कार्य पूर्ण गंभीरता से किया जाए। अध्यापक नियमित रूप से आएं और निर्धारित समय तक शिक्षण कार्य करवाएं। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त कक्षाएं निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्था का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्कूल परिसर में साफ सफाई रखने तथा नॉर्म्स के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें मनोयोग के साथ पढ़ ने की सीख दी। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा संचालित सार्वजनिक पुस्तकालय का निरीक्षण किया तथा यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि युवा पूर्ण समर्पण के साथ अपने करियर निर्माण की तैयारी में जुट जाएं। प्रशासन द्वारा आधारभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे 30 वाचनालय और बनाए जा रहे हैं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां दवाईयों और जांच की स्थिति, पुकार रजिस्टर, टीकाकरण आदि के बारे में जाना। उन्होंने यहां आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन भी किया। यहां पोषाहार की स्थिति, नामांकन सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान दिया जाए। उन्होंने श्री उदयराम जी गौशाला का निरीक्षण भी किया और यहां की व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान हेमंत यादव साथ रहे।

रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ

श्रीगंगानगर, (निसं)। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में 10 दिवसीय ''होममेड अगरबत्ती मेकर'' निःशुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी संकाय सुभाष चन्द्र व राजीविका की अकाउंटेन्ट रीतू द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संकाय सुभाष चन्द्र द्वारा किया गया। संकाय सुभाष चन्द्र ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए आरसेटी के उद्देश्य व संस्थान की महता के बारे में बताया कि आरसेटी का उद्देश्य कम अवधि में प्रशिक्षण प्रदान कर बेरोजगार युवा वर्ग में कौशल व क्षमताओं का विकास कर आर्थिक रुप से मजबूत बनाना व उनमें उद्यमिता का विकास करना है। प्रशिक्षण के बारे में बताते हुए उन्होनें बताया कि होममेड अगरबत्ती के कार्य की महत्वता को समझाया।

भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

- राज्य बजट में मांगा बीकानेर का हक

बीकानेर, (निसं)। भाजपा नेता डॉ सुरेंद्र सिंह ने आगामी दिनों में पेश होने वाले राज्य बजट में बीकानेर का हक मांगते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। डॉ सुरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग की है कि बीकानेर अन्य संभाग मुख्यालय की अपेक्षा काफी पिछडा हुआ है।

अंतर्राष्ट्रीय पाक सीमा पर स्थित संभाग मुख्यालय को विशेष बजट दिए जाने की आवश्यकता है। डॉ सिंह ने अपने मांग पत्र में बीकानेर नगर विकास न्यास को अपग्रेड करते हुए बीकानेर डेवलपमेंट अथॉरिटी की मांग की है। इसके साथ ही बीकानेर में हाई कोर्ट बेंच, ड्राई पोर्ट, फूड पार्क की स्थापना और रेल फाटकों की समस्या का निस्तारण करने की मांग भी दोहराई है। जयपुर रोड पर बसी 52 कॉलोनियों तथा शहर के आसपास की ग्राम पंचायतों को बीकानेर नगर निकाय की सीमा में शामिल करते हुए निगम सीमा बढाने की मांग की है ।इसके साथ ही मास्टर प्लान के पेराफेरी क्षेत्र में बसी हुई कॉलोनियों के निवासियों को भी पट्टे दिए जाने की मांग पत्र में की है। पब्लिक पार्क में स्थित गंगा थियेटर और सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के लिए पुनरुद्धार करने के लिए बजट जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही बीछवाल में प्रस्तावित जूलॉजिकल पार्क को विकसित करने की मांग की है। बीकानेर के सभी प्रमुख राजमार्गों को बाईपास तक 6 लेन करने का बजट इस पत्र में मांगा है। बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में आबादी के अनुपात में महात्मा गांधी स्कूल खोलने की मांग पत्र में की है साथ ही राजस्थानी भाषा को दूसरी राजभाषा का दर्जा दिए जाने की मांग ज्ञापन में की है।

अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

अनूपगढ, (निसं)। यहां राजकीय अस्पताल में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने दिनदहाड़े एक मरीज की बाइक को चोरी कर लिया। मरीज अस्पताल में दवाई लेने आया था।

मरीज ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अनूपगढ़ के गांव 6 एम एस आर में रहने वाले रतन लाल (26) पुत्र जेठाराम ने बताया कि वह सुबह 9 बजे अपने घर से अनूपगढ़ के राजकीय अस्पताल में दवाई लेने के लिए आया था।उसने अपनी बाइक अस्पताल के गेट के पास पेड़ के नीचे खड़ी की और दोस्त ललित कुमार के साथ अस्पताल में दवाई लेने के लिए चला गया।

आधे घंटे बाद जब वह अस्पताल से बाहर आया तो उसे मौके पर गाड़ी खड़ी नहीं मिली। रतन लाल ने बताया कि उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर बाइक की काफी तलाश की। मगर उसकी बाइक कहीं भी नहीं मिली। बाइक नहीं मिलने पर रतन लाल ने बाइक चोरी का मामला अनूपगढ़ पुलिस थाने में दर्ज करवाया है।

कलेक्टर ने डिवाइडर रिपेयरिंग और पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बुधवार को म्यूजियम सर्किल से चौधरी भीमसेन सर्किल और करमीसर तक डिवाइडर रिपेयरिंग और पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों पर हो रहे इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करें। इस दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो। डिवाइडर्स की मरम्मत के साथ इन पर रंग-रोगन करने के बाद सड़कों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने म्यूजियम सर्किल से करमीसर तक आने वाले सरकारी भवनों की दीवारों के रंग-रोगन और पेंटिंग के कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों का नियोजन किया जाए। श्रीगंगानगर, जयपुर और नोखा रोड पर भी डिवाइडर्स रख-रखाव और सौंदर्यकरण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में चल रहे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अरुण प्रकाश शर्मा, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, अधिशाषी अभियंता राजीव गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी साथ रहे।

- मिशन मोड पर कार्य करने के दिए निर्देश

कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बुधवार को म्यूजियम सर्किल से चौधरी भीमसेन सर्किल और करमीसर तक डिवाइडर रिपेयरिंग और पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया।

51 पंडितों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ, 14 विभाग के कर्मचारियों ने दिया समर्थन

- तीन दिन से नौ आदमी भूख हड़ताल पर, सरकार बेफिक्र, मंत्री दुर्भावना से ग्रसित : महावीर राका

बीकानेर, (निसं)। पूर्व यूआईटी चैयरमेन महावीर रांका के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष चल रहे आमरण अनशन के तीसरे दिन 51 पंडितों द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ किया गया तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। भाजपा नेता महावीर रांका ने बताया कि तीन दिन से नौ आदमी भूख हड़ताल पर बैठे हैं लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा। राजनैतिक दुर्भावना और निदर्यता स्पष्ट झलक रही है। महावीर रांका ने कहा कि सरकार तो दूर की बात गृह जिले का मंत्री भी अपने शहर की पीड़ा को नहीं समझ पा रहा।

भाजपा नेता राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को आमरण अनशन को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में 14 विभाग के कर्मचारियों ने समर्थन दिया। पुरोहित ने कहा कि न्यायालय से बड़ा कोई नहीं और न्यायालय के आदेश की अवमानना करना बहुत बड़ा अपराध है। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि वाल्मिकी समाज के वरिष्ठ नेता शिवलाल तेजी व मंडलीय चारण महासभा बीकानेर संभाग के अध्यक्ष भंवरदान देपावत ने भी अनशन को समर्थन दिया।

रमेश भाटी ने बताया कि उदयरामसर से सैकड़ों युवक रैली के रूप में धरनास्थल पर पहुंचे और समर्थन दिया। इस दौरान आनन्द सोनी, मधुसूदन शर्मा, यशराज यादव, विक्रम स्वामी, सत्यनारायण मोदी, चेतनलाल, गिरिराज, मेहुलयादव, उमेश गिरि, मनोज बिश्नोई, मनजीत सिंह सहारण, रामस्वरूप मेघवाल, जसाराम भील, रिपुदमन सिंह, मूलचंद लेखाला, मनोज पारख, बजरंग लूणिया, रामलाल कच्छावा गणेश जाजड़ा, नरेश यादव, महावीर सिंह यादव, ओम सिंह खीचड़, देवेन्द्र सिंह मेड़तिया, अजयपाल सिंह तंवर, कैलाश पारीक, एडवोकेट सुरेश सिसोदिया, प्रेमसिंह खीची, बिहारीलाल सारड़ा, पवन छींपा, बजरंग शर्मा, करणीसिंह पड़िहार, तख्त सिंह पड़िहार, मदनमोहन सारड़ा, तेजकरण गहलोत, मालचंद जोशी, अशोक चौरडिया, घनश्याम रामावत, राजेश रामावत, महेन्द्र साध, कृष्णनारायण शर्मा आदि शामिल रहे।

सहायक कुलसचिव कुंजीलाल स्वामी ने बताया कि आभियांत्रिकी महाविद्यालय बीकानेर सोसाइटी में मानवश्रम आपूर्तिकर्ता के माध्यम से कार्यरत कार्मिक (रामकिशन गोदारा) को हटाए जाने पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किये जाने पर न्यायालय के आदेश की पालना में पुनः सेवा में लिया गया। इसी सोसाइटी में 18 तदर्थ नियुक्त कार्मिकों की सेवाएं समाप्त किये जाने पर भी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किये जाने पर पुनः सेवा में लिया गया।

इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर सोसायटी का एक अन्य उदाहरण एसोसिएट प्रोफेसर अजीत पूनियां की सेवाएं समाप्त करने के उपरान्त न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किये जाने पर न्यायालय के आदेश की पालना में पुनः सेवा में लिया गया था हालांकि अपीलीय प्रक्रिया आदि भी सरकार राज्य पक्ष द्वारा संस्थित की गई है। सहायक कुल सचिव कुंजीलाल ने बताया कि एक ही सोसाइटी में 4 भिन्न भिन्न प्रकार के सेवा समाप्ति के प्रकरण जिनमें से ठेका माध्यम से कार्यरत कार्मिक तदर्थ नियुक्त अशैक्षणिक कार्मिकों और शैक्षणिक कार्मिक के सेवा समाप्ति के उपरान्त न्यायालय के स्थगन आदेशों की पालना में पुनः सेवा में लिया गया, परन्तु इस चौथे प्रकरण 18 नियमित अशैक्षणिक कार्मिकों को एकलपीठ एवं खण्डपीठ के निर्णैय के उपरान्त भी पुनः सेवा में नहीं लिया जा रहा है। यह अपने आपमें ही दुर्भावना से किया गया कार्य और भेदभाव को पुष्टि प्रदान करता है।

इसके साथ ही सरकार द्वारा मृतक आश्रित के अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों को 45 दिवस में निस्तारित करने के निर्देश जारी किये गए हैं। परन्तु हठधर्मिता की पराकाष्ठा, मानवीयता का इतना अवमूल्यन कि इन कार्मिकों में से एक कार्मिक की माह जून 2021 में मृत्यु उपरान्त मार्च 2022 में निष्कासन (10 माह लगभग) मृतक आश्रित विधवा को नियुक्ति प्रदान नहीं की गई व अन्य परिलाभ नही किये गए। अपितु मृत्यु के 10 माह बाद जब कार्मिकों के सेवा समाप्ति के आदेश प्रदान किये गए जिसमें मृतक कार्मिक की सेवा समाप्ति का भी उल्लेख था। अंकेक्षण विभाग द्वारा महाविद्यालय के लेखों के अंकेक्षण प्रतिवेदन में 10 करोड़ रूपये से अधिक राशि को रिकवरी योग्य उल्लेखित किया है महाविद्यालय के लेखों मे अन्य अनियमितताएं भी अंकेक्षण रिपोर्ट में उल्लेखित है। इस ऑडिट रिपोर्ट की अनुपालना में भी महाविद्यालय ने गंभीरता से कार्यवाही नही की।

सार-समाचार

हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा निकाली

बीकानेर, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुरू हुई हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पूर्व संसदीय सचिव व प्रत्याशी बीकानेर पूर्व विधानसभा कन्हैया लाल झंवर के नेतृत्व में बुधवार को वार्ड नं.32 के क्षेत्र पटेल नगर पार्क से शुरू होकर बागड़ी अस्पताल से धर्मचंद सांगवा के घर से कैलाश ट्रेडिंग से भैंरुजी का मंदिर होते हुए राम-लक्ष्मण भवन होते हुए शिव शक्ति हनुमान मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा जगह.जगह माला पहनाकर यात्रा का अभिवादन किया। पदयात्रा के इस कार्यक्रम की श्रृंखला में लक्ष्मण कड़वासरा, अध्यक्ष भू.दान आयोग आनन्द सिंह सोढ़ा ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष उमा सुंथार, अंजना खत्री, ज्योति चौधरी पूर्व अध्यक्ष, डूंगर कॉलेज सुनीता तर्ड पूर्व जिला प्रमुख मनोज विश्नोई; पार्षद शांतिलाल मोदी पार्षद युनिस खान अब्दुल सत्तार शशिकला राठौड़ मनोनीत पार्षद राज भटनागर कन्हैयालाल बोथरा, रिद्धकरण सेठिया इंजी.मदन मेघवाल इंजी.गणेशाराम रामेश्वरलाल, पूर्व सरपंचए उदयरामसर शिवलाल गोदारा, अशोक तर्ड सरदार हरदयाल सिंह, ललित गहलोत लालचंद गहलोत सहित सर्व समाज के गणमान्य लोग व वार्डवासी मौजूद रहे।

छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन

नोखा, (निसं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय कॉलेज में छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन समारोह संत भूरदास के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.दिग्विजय सिंह ने की। मगनाराम केड़ली, सरपंच प्रियंका सारण, मूलाराम मेघवाल, भंवर कूकणा, मोडाराम धतरवाल, रामगोपाल बिश्नोई, लिच्छूराम सारण, छात्रनेता दिनेश सारण विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने छात्रसंघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। कॉलेज संकाय सदस्यों और छात्रसंघ कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने कॉलेज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज विकास में सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत स्कूटी प्राप्त कॉलेज के तीन छात्राओं का सम्मान किया गया। छात्रसंघ परामर्शदाता मंडल के संयोजक डॉ. रणवीर सिंह ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में छात्रसंघ महासचिव संजू मेघवाल, संयुक्त सचिव मयंक मोदी, विशाल सतानी समेत जनप्रतिनिधि, अभिभावक मौजूद रहे।

पंचदेव प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज

भादरा, (निसं)। अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ व स्वामी करपात्री फांउडेशन के तत्वावधान में यज्ञ सम्राट श्री प्रबल महाराज की कुटिया में बुधवार को तीन दिवसीय पंचदेव प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज हो गया। 100 कुंडीय पंचदेव महायज्ञ, श्रीमद भागवत कथा एवं पंचदेव प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व देह शुद्धि के लिए प्रायश्चित पूजन के साथ यज्ञ मंडप प्रवेश करके सभी वैदियों का आव्हान एवं स्थापना की गई साथ ही पूज्य यज्ञ सम्राट श्री प्रबल महाराज के संकल्प को साकार रूप में क्रियान्वित कर रहे परम पूज्य डॉ. गुणप्रकाश चैतन्य महाराज ने समस्त नगरवासियों के प्रतिनिधि रूप में रहकर पूजन संपादित किया। भगवान सूर्य नारायण, भगवान विष्णु, मां दुर्गा, गणेश जी महाराज, नंदीश्वर भगवान की दिव्य विठाह को जलाधिवास, घ्रताधिवास व धूपाधिवास आदि वैदिक परम्परा से यजन किया गया। महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत 9 फरवरी को लुहारीवाला अतिथि सदन से दोपहर 2 बजे 5100 महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव के तहत 11 से 17 फरवरी तक पंचदेव महायज्ञ व श्रीमद भागवत कथा होगी। इसमें परम श्रद्धेय समर्थश्री त्रयम्बकेश्वर चैतन्य जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का रसपान रोजाना दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगा। साथ ही भागवत कथा से पहले रोजाना सुबह 8 बजे से 12 बजे तक व अपरान्ह 2 बजे से शाम 6 बजे तक 100 कुंडीय श्री पंचदेव महायज्ञ होगा। श्रीमद भागवत कथा के अंत में रोजाना सांय 6 बजे काशी की दिव्य आरती होगी। 18 फरवरी, शनिवार को सुबह सवा लाख पार्थिवेश्वर महादेव का निर्माण किया जाएगा, जिनका सांय 7 बजे से रूद्राभिषेक होगा। महाशिवरात्रि महोत्सव के पहले दिन स्थानीय विधायक बलवान पूनिया ने श्री प्रबल महाराज की कुटिया पहुंचकर परम पूज्य त्रंबकेश्वर चैतन्य महाराज व परम पूज्य डॉ. गुणप्रकाश चैतन्य महाराज से शिष्टाचार भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया साथ ही विधायक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष रंजन माणस भी थे।

वेतन नहीं मिलने से नाराज विद्युतकर्मी

नोखा, (निसं)। जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ भामसं के बैनर तले डिस्कॉम व्यापी आव्हान पर सहायक अभियंता कार्यालय पर विद्युत कर्मचारियों ने समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण लंच टाइम में सांकेतिक प्रदर्शन करके प्रबंध निदेशक के नाम सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। श्रमिक संघ के प्रदेश संयुक्त महामंत्री चुन्नी लाल राजस्थानी ने बताया कि बिना किसी उचित कारण के 7 तारीख हो जाने के बाद भी बिजली कर्मियों को वेतन नहीं मिला। इसके कारण अल्प वेतनभोगी कर्मचारी परेशान हो रहे है तथा बैंक में किस्त भी नहीं भेज पा रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष भंवर सिंह बीदावत ने भी संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के वेतन भत्ते समय पर देने की मांग की। प्रदेश मंत्री प्रेमसुख बिश्नोई ने बताया कि 4 माह बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों को अभी दिवाली ओवरटाइम भुगतान नहीं हुआ, जिसको लेकर कर्मचारियों में रोष है। प्रदर्शन में जिला संयुक्त महामंत्री महेश पारीक, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार छींपा, जिला मंत्री सुरेश बिश्नोई, प्रचार मंत्री गोपी किशन, उपखंड महामंत्री सीताराम तर्ड, सहायक राजस्व अधिकारी आशीष सोनी, नरेश बिश्नोई, सुंदर लाल, सीताराम सारस्वत, राजाराम सेन, रूघसिंह खिंची, राजकुमार चौधरी सहित विद्युत कर्मियों ने प्रदर्शन किया।

महेंद्र गहलोत कार्यक्रमों में लेंगे भाग

बीकानेर, (निसं)। केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र गहलोत बीकानेर आएं तथा सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। गहलोत रात्रि विश्राम जांगलू में करेंगे। गुरुवार को बीकानेर, लूनकरणसर और खिंदासर में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात सिरोही जाएंगे। दस फरवरी रात्रि 8 बजे सिरोही से जांगलू लौटेंगे।